भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4560
दिनांक 28.03.2023/07 चैत्र,1945 (शक) को उत्तर के लिए

केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों में हत्या

4560. श्री धनश्याम सिंह लोधी:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीई) में हत्या करने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) 'जवानों के जल्दी आवेश में आने के क्या कारण है जिनकी वहज से ऐसी घटनाएं होती हैं'
(घ) क्या जवानों को समय पर छुट्टी न देना इस संबधं में एक कारण है और यदि हां, तो ऐसी घटनाओं में अवकाश दिए जाने संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) जवानों को प्रतिवर्ष कितने दिनों का अवकाश दिया जाता है; और
(च) क्या उक्त अवकाश उन्हें उनकी पारिवारिक आवश्यकताओं के आधार पर उसी समय दिये जाते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), असम राइफल्स (एआर) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) में कार्मिकों की हत्या करने की घटनाओं का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। हत्या की घटनाओं में वृद्धि का रूझान नहीं है।

(ग): ऐसी अधिकांश घटनाओं के कारण, आम तौर पर व्यक्तिगत एवं घरेलू समस्या, पारिवारिक मुद्दे, अवसाद और कार्य से जुड़े मामले होते हैं।

(घ) से (च): सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), असम राइफल्स (एआर) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) अपने कार्मिकों को स्वीकार्य अवकाश उनकी आवश्यकता के अनुसार समयबद्ध तरीके से प्रदान करते हैं। फील्ड फॉर्मेशन में तैनात कार्मिकों के लिए साठ दिन का अर्जित अवकाश (ईएल) और पंद्रह दिन का आकस्मिक अवकाश (सीएल) तथा स्टेटिक फॉर्मेशन में तैनात कार्मिकों के लिए तीस दिन का अर्जित अवकाश (ईएल) और आठ दिन का आकस्मिक अवकाश (सीएल) स्वीकार्य है। इसके अलावा, सीसीएस लीव रूल्स के अनुसार अन्य तरह की छुट्टियां भी आवश्यकता के अनुसार प्रदान की जाती हैं।

लोक सभा अतारंकित प्र.सं. 4560, दिनांक 28.03.23

<u>अनुलग्नक</u>

पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), असम राइफल्स (एआर) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) में कार्मिकों की हत्या करने की घटनाओं की संख्या

बल का नाम	**वर्ष**					**कुल**
	2018	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	
असम राइफल्स	0	0	0	01	0	01
बीएसएफ	04	0	02	01	02	09
सीआईएसएफ	0	0	01	0	01	02
सीआरपीएफ	02	03	03	07	0	15
आईटीबीपी	0	01	0	0	0	01
एनएसजी	0	0	0	0	0	0
एसएसबी	0	0	01	0	0	01
कुल	**06**	**04**	**07**	**09**	**03**	**29**

*****